# जलकर सहित अन्य निगम करो एवं बिजली बिलों की वसूली स्थगित की जाए-काश्यप

रतलाम ● शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने जलकर सहित अन्य नगर निगम करों तथा बिजली बिलों की वसूली स्थगित करने और अप्रैल-मई के बिल 15 से 30 जून तक बिना पेनल्टी के भरने की छूट देने की मांग की है। उन्होंने इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को पत्र भी लिखा है। विधायक श्री काश्यप के अनुसार जलकर सहित अन्य नगर निगम करों तथा बिजली बिलों के भुगतान की प्रक्रिया से अधिकांश निम्न एवं मध्यम वर्गीय परिवार जुड़े है। इसलिए आम उपभोक्ताओं को बिना किसी पेनल्टी के अप्रैल-मई माह के बकाया नगर निगम करों एवं बिजली बिल के भुगतान स्थगित कर 15 से 30 जून तक बिना पेनल्टी के भरने की छूट प्रदान की जाए।

13-5-2021

# जलकर सहित अन्य नगर निगम करो एवं बिजली बिलों की वसूली स्थगित की जाए-काश्यप

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा

रतलाम। शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने जलकर सहित अन्य नगर निगम करो तथा बिजली बिलों की वसूली स्थगित करने और अप्रेल-मई के बिल 15 से 30 जून तक बिना पेनल्टी के भरने की छूट देने की मांग की है। उन्होंने इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र भी लिखा है।

विधायक श्री. काश्यप के अनुसार जलकर सहित अन्य नगर निगम करो तथा बिजली बिलो के भुगतान की प्रक्रिया से अधिकांश निम्न एवं मध्यम वर्गीय परिवार जुड़े है7 लाकडाउन के चलते कई परिवारों की अर्थ व्यवस्था भी प्रभावित हुई है7 लगातार लॉकडाउन के चलते ऑफलाइन भुगतान हेतु आमजन का घर से निकलना संभव नही है7 ऑन लाइन भुगतान व्यवस्था में भी सभी उपभोक्ता शामिल नहीं हो सकते है7 इसलिए आम उपभोक्ताओं को बिना किसी पेनल्टी के अप्रेल-मई माह के बकाया नगर निगम करो एवं बिजली बिल के भुगतान स्थगित कर 15 से 30 जून तक बिना पेनल्टी के भरने की छूट प्रदान की जाए7 इससे आम जन को पूरा समय मिलेगा, बिल भरने वालों की लाइन नही लगेगी और कोरोना की तीसरी लहर से बचने में भी मदद मिलेगी।

13-5-2021

# दूध, पैट्रोल, गैस सिलेंडर वितरकों की सेम्पलिंग अनिवार्य

रतलाम। शहर में दूध विक्रेता, आरओ पानी की सप्लाई करने वाले व्यक्ति, गैस सिलेंडर वितरक एवं पेट्रोल पंप पर पेट्रोल आपूर्ति का कार्य करने वाले व्यक्तियों की कोरोना सैंपलिंग का कार्य 13 एवं 14 मई को लोकेंद्र टॉकीज परिसर में होगा। इन दो दिनों में सभी वितरकों को अपनी सैंपलिंग करवानी है। शनिवार से कोई भी वितरक बगैर नेगेटिव रिपोर्ट मैसेज के वितरण कार्य नहीं कर पाएगा। रतलाम शहर अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गेहलोत ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि रतलाम शहर में होम डिलिवरी कार्य में लगे व्यक्तियों को अनिवार्य रूप से अपनी कोरोना सैंपलिंग करवानी है। इसके तहत किराना एवं फलों की होम डिलीवरी करने वाले लोगों का सैंपलिंग कार्य किया जा चुका है इसी क्रम में अगले 2 दिन गुरुवार एवं शुक्रवार को दूध विक्रेता, घर-घर दूध की आपूर्ति करने वाले वितरक, गैस सिलेंडर की घर-घर आपूर्ति करने वाले वितरक, आरओ पानी का वितरण करने वाले तथा पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरने वाले लोगों की सैंपलिंग की जाएगी। सभी को अपनी सैंपलिंग करवाना अनिवार्य है। दो दिनों के पश्चात शनिवार से किसी भी वितरक के पास नेगेटिव रिपोर्ट मैसेज नहीं हुआ और वह वितरण कार्य करता हुआ पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

13-5-2021

**व्यवस्था में बदलाव** • 17 मई तक चलने वाले लॉकडाउन की व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने निर्देश जारी किए

# निगेटिव रिपोर्ट मिलने पर शनिवार से बांट पाएंगे दूध, आरओ वॉटर, पेट्रोल, गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी 3 दिन ही होगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

13-5-21

शनिवार से बगैर कोरोना की निगेटिव रिपोर्ट के कोई भी व्यक्ति न तो दूध, आरओ वॉटर, गैस सिलेंडर बांट पाएगा न पंप पर पेट्रोल भर पाएंगे। ऐसे काम में लगे लोगों के लिए खास तौर पर 13 व 14 मई को लोकेंद्र टॉकीज परिसर में सैंपल लिए जाएंगे। उसकी जांच कर रिपोर्ट दी जाएगी। शनिवार से इस निगेटिव रिपोर्ट के साथ वितरण होम डिलीवरी कर पाएंगे।

इसी तरह फलों की होम डिलीवरी भी अब सिर्फ सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को सुबह 11 बजे से रात 8 बजे के बीच ही हो सकेगी। ऐसा भी सिर्फ वही फल विक्रेता कर पाएंगे, जिन्हें परमिशन दी गई हो। 17 मई तक चलने वाले लॉकडाउन के नियमों को और सख्त करते हुए बुधवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने ये दो बड़े बदलाव किए हैं।

13-5-2021

## इनसे घर पर मंगवा सकते हैं फल

| | | | |
|---|---|---|---|
| लोकेश | 9174648118 | कुलदीप | 9111157911 |
| प्रदीप | 9179972579 | असलम | 7773092237 |
| विजय | 9752745451 | विकास | 7470605072 |
| अख्तर | 8770463982 | अर्जुन | 6263422321 |
| सरफराज | 7000640199 | राजाभाई | 7999171221 |
| शम्सउद्दीन | 9755263940 | | |

## होम डिलीवरी करते मिले तो सीधे कार्रवाई करेंगे

*शनिवार से कोई भी वितरक बिना निगेटिव रिपोर्ट मैसेज के होम डिलीवरी करता मिला तो सीधे कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार और शुक्रवार को दूध, गैस सिलेंडर और आरओ पानी देने वालों के साथ पेट्रोल पंप के कर्मचारियों की सैंपलिंग की जाएगी।*
**अभिषेक गेहलोत**, एसडीएम

# दूध, आरओ वाटर, पेट्रोल, गैस सिलेंडर वितरकों की सैम्पलिंग अनिवार्य

रतलाम ● स्वदेश समाचार 13-5-21

कोरोना संक्रमण को देखते हुए प्रशासन ने जहां सब्जी विक्रेता, फल-फ्रूट, किराना जैसी कई महत्वपूर्ण वस्तुओं की दुकानों को खोलने को लेकर जहां संशोधन के साथ सख्ती की है वहीं दवाई की दुकानों पर भी नियंत्रण किया गया है, जहां पहले सारे शहर की दवाई दुकानें खुली थी अब उसे कुछ सीमा तक खोला गया है। अब जिला प्रशासन ने नया आदेश जारी कर दूध, आरओ वाटर, पेट्रोल, गैस सिलेंडर वितरकों की सैम्पलिंग अनिवार्य कर दिया है तथा बिना निगेटिव रिपोर्ट के इनका वितरण नहीं होगा।

## बगैर निगेटिव रिपोर्ट के वितरण नहीं कर पाएंगे

लोकेंद्र टॉकीज परिसर में 13 एवं 14 मई को शहर में दूध विक्रेता, आरओ पानी की सप्लाई करने वाले व्यक्ति, गैस सिलेंडर वितरक एवं पेट्रोल पंप पर पेट्रोल आपूर्ति का कार्य करने वाले व्यक्तियों की कोरोना सैंपलिंग का कार्य होगा। इन दो दिनों में सभी वितरकों को अपनी सैंपलिंग करवानी है। शनिवार से कोई भी वितरक बगैर निगेटिव रिपोर्ट मैसेज के वितरण कार्य नहीं कर पाएगा।

रतलाम शहर अनुविभागीय अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि रतलाम शहर में होम डिलिवरी कार्य में लगे व्यक्तियों को अनिवार्य रूप से अपनी कोरोना सैंपलिंग करवानी है। इसके तहत किराना एवं फलों की होम डिलिवरी करने वाले लोगों का सैंपलिंग कार्य किया जा चुका है। सभी को अपनी सैंपलिंग करवाना अनिवार्य है। दो दिनों के पश्चात शनिवार से किसी भी वितरक के पास निगेटिव रिपोर्ट मैसेज नहीं हुआ और वह वितरण कार्य करता हुआ पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

13-5-21

**अभी संक्रमण बेकाबू •** फरवरी में संक्रमण दर 1-2% आ गई थी, अब औसतन 25%, छोटे बच्चों के मामले भी आ रहे

# 5 दिन से संक्रमित कम, पॉजिटिव रेट 19.65% घटा, यह हालात 15 दिन रहें तब काबू में कोरोना

भास्कर संवाददाता | रतलाम

13/5/21

5 दिन से हमारे जिले में लगातार संक्रमित के मामले कम हो रहे हैं। इन 5 दिन में संक्रमण दर भी 13.65% कम हो गई है। हालांकि, आंकड़ों के इस फेर में आप बेफिक्र मत हो जाना... ऐसा इसलिए क्योंकि जब तक कम से कम 15 दिन तक ऐसी स्थिति नी रहे यानी संक्रमित लगातार कम होते रहें। तब हम कह सकेंगे कि पॉजिटिव मिलना कम हो रहे हैं। संक्रमण दर 5% से नीचे आएगी, तब आप खुद को सुरक्षित महसूस कर सकते हैं। हालांकि सावधानी आपको तब भी नहीं छोड़ना है।

कोरोना की दूसरी लहर ने लापरवाही का सबक बता दिया है। इस लहर का कहर थमा नहीं है, रोज 300 से ज्यादा पॉजिटिव ही सामने आ रहे हैं। बुधवार को भी 305 पॉजिटिव मिले हैं। हालांकि पॉजिटिव मिलने से ज्यादा चिंताजनक है मौत के आंकड़े। जिले में रोज औसतन 5 लोग कोरोना से दम तोड़ रहे हैं। इधर, संक्रमण दर की बात करें तो... फरवरी महीने में यह 1-2% तक आ गई थी जो अब औसतन 25% से ज्यादा बनी हुई है, यानी कुल सैंपलों में से इतने सैंपल के परिणाम पॉजिटिव आ रहे हैं। यह चिंताजनक है, क्योंकि संक्रमण दर 5% से कम होना चाहिए।

## 02 मई को सबसे ज्यादा 42.96 प्रतिशत था पॉजिटिव रेट, 12 मई को 13.29% पर आया

संक्रमण दर

| मई | संक्रमण दर | सैंपल | पॉजिटिव |
|---|---|---|---|
| 1 | 25.89% | 1255 | 325 |
| 2 | 42.96% | 803 | 345 |
| 3 | 26.93% | 1318 | 355 |
| 4 | 23.17% | 1329 | 308 |
| 5 | 23.51% | 1637 | 385 |
| 6 | 25.75% | 1476 | 380 |
| 7 | 23.85% | 1589 | 379 |
| 8 | 32.89% | 1210 | 350 |
| 9 | 32.72% | 1100 | 360 |
| 10 | 27.13% | 1290 | 350 |
| 11 | 26.37% | 1270 | 335 |
| 12 | 13.29% | 2303 | 305 |

### 4 दिन में 10 साल से कम उम्र के 21 बच्चे संक्रमित निकले

इधर, बच्चों में संक्रमण चिंताजनक बना हुआ है। सिर्फ 4 दिन में 10 साल से कम उम्र के 21 बच्चे संक्रमित हो चुके हैं। इनमें से 9 बच्चे मंगलवार को पॉजिटिव आए थे जिनमें तीन बच्चों की उम्र 2, 3 व 4 साल ही थी। वहीं बुधवार को 6 बच्चे पॉजिटिव आए हैं। हालांकि बच्चों में गंभीर संक्रमण के मामले सामने नहीं आए हैं जो राहत है।

### भोपाल में बढ़ी चिंता

रतलाम में स्थितियों को लेकर ही भोपाल के अधिकारियों से लेकर मंत्री तक चिंतित बने हुए हैं। पॉजिटिव की कम होती संख्या को अच्छा संकेत जरूर मान सकते हैं।

### उम्मीद... 85 बेड होंगे तैयार, कल तक 5 सेंटर पर 175 ऑक्सीजन बेड होंगे



**रतलाम** | इधर, ऑक्सीजन बेड की मारामारी के बीच राहतभरी खबर ये है कि जिला अस्पताल में कोरोना के मरीजों के लिए 85 ऑक्सीजन बेड तैयार हो सकेंगे। जिला अस्पताल में ऑक्सीजन लाइन लगाने की कवायद होगी। इसके लिए गुरुवार को टेक्निशियन आएंगे। अभी अस्पताल के 4 वार्ड और एक आईसीयू में पहले से ही ऑक्सीजन लाइन है। यहां 45 ऑक्सीजन बेड की व्यवस्था हो सकती है। अब 3 और वार्डों में ऑक्सीजन लाइन बिछाई जाएगी। बुधवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम जिला अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में बेड बढ़ने से यदि बेड नहीं मिलता है तो मरीजों को जिला अस्पताल में शिफ्ट कर सकेंगे। इसी के साथ, जिले के सैलाना और बाजना कोविड केयर सेंटर में 25-25 ऑक्सीजन बेड व आलोट और ताल के कोविड केयर सेंटर पर 20-20 ऑक्सीजन बेड हो जाएंगे। ऐसे 14 मई तक जिले के 5 कोविड केयर सेंटर्स पर 175 ऑक्सीजन बेड उपलब्ध हो जाएंगे।

# जिला अस्पताल में बढ़ेंगे 85 आक्सीजन बेड

## सीएम के आने के पहले सबकुछ बेहतर करने की तैयारी, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**रतलाम।** जिला अस्पताल में कोविड-केयर वार्ड बनाने की तैयारी हो गई है। बुधवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, मनीषा वास्कले, सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के 15 मई को संभावित रतलाम दौरे के चलते सभी इंतजाम बेहतर करने पर जोर दिया जा रहा है।

कलेक्टर ने वार्ड में आक्सीजन बेड लगाए जाने वाले स्थान का निरीक्षण कर सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला अस्पताल में अभी चार वार्ड और एक आइसीयू पूर्व से ही आक्सीजन लाइन युक्त है, जहां करीब 45 आक्सीजन बेड की व्यवस्था की जा सकती है। अब तीन और वार्डों में आक्सीजन लाइन डाली जाएगी, जिसके लिए टेक्नीशियन गुरुवार को आएंगे। कलेक्टर ने सिविल सर्जन को पूरी कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिला अस्पताल में कोरोना मरीजों के लिए 85 आक्सीजनयुक्त बेड उपलब्ध कराए जाएंगे।

मेडिकल कालेज में आक्सीजन बेड उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में मरीजों को जिला अस्पताल में बेड उपलब्ध हो सकेगा। कलेक्टर द्वारा सिविल सर्जन से जिला चिकित्सालय में पलंग की उपलब्धता, बिस्तर, चादर तथा मेडिकल सामग्री उपलब्धता की जानकारी ली।



जिला अस्पताल में जानकारी लेते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। • नईदुनिया

**जिले में कुल 175 आक्सीजन बेड की वृद्धि होगी:** कलेक्टर ने बताया कि जिला अस्पताल के अलावा सैलाना, बाजना कोविड-केयर सेंटर पर 25-25 व आलोट, ताल सेंटर पर 20-20 आक्सीजन बेड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ताल तथा आलोट की जिला मुख्यालय से दूरी अधिक होने के कारण वहां आक्सीजन कंसंट्रेटर मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। शेष स्थानों पर आक्सीजन सिलिंडर उपलब्ध रहेंगे। इस तरह कुल 175 बेड की वृद्धि हो जाएगी।

**एमसीएच में आठ बेड का सेंटर आज से शुरू होगा:** जिला अस्पताल की एमसीएच यूनिट में गर्भवती महिलाओं के लिए आठ बेड का नया कोविड केयर सेंटर तैयार किया गया है। यहां के सभी बेड में आक्सीजन सहित सभी सुविधा है। इसके पहले सामान्य बेड का कोविड केयर सेंटर संचालित था, जहां महिलाओं को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा था। गंभीर होने की स्थिति में उन्हें मेडिकल कालेज रेफर करना पड़ता था, लेकिन अब नए सेंटर के चालू होने के बाद वहीं उपचार हो सकेगा। सेंटर को गुरुवार को चालू कर दिया जाएगा।

मालूम हो कि गर्भवती महिलाओं में संक्रमण तेजी बढ़ रहा है। एमसीएच में हर दिन पांच से सात महिलाएं संक्रमित निकल रही हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. रेखा विमल के मुताबिक गर्भवती महिलाओं के लिए यह स्टेन अधिक खतरनाक है, इसलिए संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है। आरएमओ डा. योगेश नीखरा ने बताया कि एमसीएच में गर्भवती महिलाओं के संक्रमित होने का प्रतिशत बढ़ा, इसलिए अलग से वहीं सर्वसुविधायुक्त कोविड केयर सेंटर बनाया गया है, ताकि वहीं उपचार दिया जा सके।

## 45 प्लस : आज छह केंद्रों पर सिर्फ दूसरा डोज लगाएंगे

**रतलाम।** जिले में 45 वर्ष से अधिक आयु समूह के अंतर्गत 6 केंद्रों पर गुरुवार को केवल दूसरा टीका लगवा सकेंगे। बुधवार को 18 से 44 वर्ष आयु समूह में 621 जबकि 45 वर्ष से अधिक आयु समूह में 2164 लोगों को टीके लगाए गए। 47 फ्रंटलाइन वर्कर का कोविड टीकाकरण किया गया। कुल 2832 लोगों को टीके लगे।

सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि शहर में माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार रतलाम, जनपद पंचायत भवन पिपलौदा, रेडक्रास सोसाइटी मीटिंग हाल जावरा, मांगलिक भवन जनपद पंचायत के पास बाजना, आंबेडकर भवन नगर परिषद परिसर आलोट, मांगलिक भवन खारवाकलां मंडावल रोड पर कोविशील्ड का केवल दूसरा टीका लगाया जाएगा। पुराना कलेक्ट्रेट परिसर गुलाब चक्कर के पास रतलाम पर केवल फ्रंटलाइन वर्कर को दूसरा टीका लगाया जाएगा।

**42 से 56 दिन में लगवाएं दूसरा टीका:** कोविशील्ड का पहला टीका लगवाने के बाद दूसरा टीका लगवाने के लिए कम से कम 42 और अधिकतम 56 दिनों का अंतर होना अनिवार्य है। अतः गुरुवार के सत्रों में उन्हीं लोगों को टीका लगेगा जिनको पहला टीका कम से



कम 42 दिन पहले लगा हो।

**18 से 44 वर्ष आयु समूह में यहां होगा टीकाकरण:** लायंस हाल रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे रतलाम, मोहन टाकीज पास बाजार, आइएमए हाल राजेंद्र नगर, सूरज हाल वेद व्यास कालोनी, गुरुनानक सिंधु भवन संत कंवरराम नगर बिरियाखेड़ी रोड, जवाहर नगर कम्युनिटी हाल पर टीकाकरण किया जाएगा।

**पाजिटिव मरीज के स्वजन होम आइसोलेशन का पालन करें:** पाजिटिव मरीज के स्वजन किसी भी स्थिति में होम आइसोलेशन से बाहर न निकलें। उनके स्वास्थ्य की जांच एवं दवाई वितरण के लिए स्वास्थ्यकर्मी उन तक पहुंचेंगे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि जिन पाजिटिव मरीजों के स्वजनों की जांच की जाना है, उनके लिए भी शीघ्र ही मोबाइल टीम के माध्यम से जांच की जाएगी तथा उन्हें उपचार संबंधी परामर्श दिया जाएगा।

नई दुनिया
13-5-2021

# ट, तीन दिन में 30 कंटेनमेंट, लिए कर्मचारी भी तैनात किए

अब जिस क्षेत्र में भी दो या दो से ज्यादा पॉजिटिव मिल रहे, वहां बना रहे कंटेनमेंट



## मरीजों के सर्वे और सैंपलिंग पर फोकस करने पर दिया जोर

बुधवार शाम कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम वीसी से कोरोना नियंत्रण की जानकारी ली। इसमें कलेक्टर ने अधिकारियों को कंटेनमेंट बनाने, मरीजों के सर्वे और सैंपलिंग पर पूरा फोकस करें। जिले के एसडीएम, तहसीलदारों से बात करते हुए कलेक्टर बोले सैंपलिंग लक्ष्य अनुसार की जाए। एसडीएम, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, जनपद पंचायतों सीईओ खुद मॉनिटरिंग करें। सैलाना, बाजना, ताल, आलोट में कोविड केअर सेंटर जानकारी लेने के साथ कलेक्टर बोले मरीज दवाइयों का सेवन इसका भी ध्यान रखें। जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत, कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विनीता लोढ़ा मौजूद रहीं।

## किल कोरोना अभियान का हिस्सा बनेंगी महिला प्रेरक

भोपाल ● मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा 64 निकायों में 190 महिला प्रेरकों का चिन्हांकन किया गया है। महिला प्रेरक लोगों को नल से जल के लिए प्रेरित करती हैं, लेकिन फिलहाल महिला प्रेरक किल कोरोना अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही हैं। अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के प्रमुख अभियंता दीपक रत्नावत ने बताया कि महिला प्रेरक शुद्ध पेयजल की उपयोगिता बताते हुए घर-घर जाकर नागरिकों को कोरोना से बचाव के लिए जागरूक भी करेंगी। हाथ सेनिटाइज करने, दो गज की दूरी और मास्क की उपयोगिता से अवगत कराने के साथ ही महिला प्रेरकों द्वारा वैक्सीन लगवाने के लिए भी रहवासियों को प्रेरित किया जाएगा।

13-5-2021

## स्वास्थ्य जानकारी ली तथा दवाई किट वितरित



रतलाम। शासन के निर्देशानुसार नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग एवं नगर निगम की टीम द्वारा घर-घर जाकर स्वास्थ्य जानकारी प्राप्त की जा रही है तथा आवश्यकता होने पर दवाई किट भी वितरित की जा रही है। जिन्हें उपचार की आवश्यकता है उन्हें उपचार परामर्श भी दिया जा रहा है। वार्ड 40 में नगर निगम के प्रेम नारायण प्रजापत, महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक नीलम वाघेला, कार्यकर्ता उमा वर्मा, हंसा व्यास एवं कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर संपर्क कर जानकारी प्राप्त की गई।

13-5-2021

### मप्र में ब्लैक फंगस के 50 मरीज, सीएम बोले-इलाज में मदद करेंगे

# जहां पॉजिटिविटी दर 5% से कम होगी, वहां हटा सकेंगे कर्फ्यू

पीपुल्स ब्यूरो ● भोपाल
मो.नं. 9425078939

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में ब्लैक फंगस के संक्रमण की घटनाएं सामने आ रही हैं, जो बहुत भयानक है। अभी तक प्रदेश में 50 रोगियों की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि यह चिंता का विषय है। इसमें नाक, मुंह, दांत, आंख मस्तिष्क और बाकी अंग भी संक्रमित हो जाते हैं। इसके इलाज के लिए प्रोटोकॉल के अनुसार उपचार सुनिश्चित किया जाए। जो लोग आर्थिक दृष्टि से कमजोर हैं, उनके निःशुल्क इलाज की व्यवस्था की जाएगी और सरकार ऐसे पेशेंट को भरपूर सहयोग करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां कोरोना संक्रमण की पॉजिटिविटी दर 5 प्रतिशत से नीचे आ गई है वहां 17 मई के बाद धीरे-धीरे वैज्ञानिक ढंग से कोरोना कर्फ्यू हटाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह वायरस हमारे व्यवहार से ज्यादा फैलता है। यदि हम

### शादी-ब्याह जैसे आयोजन छोटे स्तर पर करें



शादी ब्याह, भीड़ और बड़े समारोह भीड़ में गए तो कोरोना संक्रमण तेज गति से फैलता है। जन-सहयोग से लागू कोरोना कर्फ्यू जब तक है तब तक कोई भी घरों से बाहर नहीं निकले। मई माह में शादी-ब्याह नहीं करें। जून माह में कोरोना संक्रमण नियंत्रित होने पर शादी-ब्याह आदि आयोजन छोटे स्तर पर किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण कुछ गांवों में भी फैला है। इसे नियंत्रित करने के लिए किल कोरोना अभियान चल रहा है। सरकारी अमला मेहनत के साथ घर-घर दस्तक दे रहा है।

### सर्दी-जुकाम, बुखार के लक्षण हों तो छिपाएं नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि सर्दी, जुकाम, बुखार आदि कोरोना के लक्षण हैं, तो छुपाए नहीं, बताएं। उपचार संभव है। सरकार ने निःशुल्क उपचार की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मापदंडों के अनुसार यदि पॉजिटिविटी दर 5 प्रतिशत से नीचे आती है तो यह कोरोना संक्रमण के नियंत्रित होने का संकेत है। ऐसे जिले जिनमें पॉजिटिविटी रेट बढ़ा रहेगा वहां कोरोना कर्फ्यू नहीं खुलेगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता से अपील की है कि वे कोरोना कर्फ्यू का कड़ाई से पालन करें। सीएम ने कहा कि जिला, ब्लॉक, ग्राम और शहर के वार्ड स्तर पर क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों का गठन किया गया है। इन समितियों के सदस्य जन-सहयोग से कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे हैं।


### वीसी में सीएम ने चर्चाकर रतलाम आने का दिया आश्वासन

# कोरोना की बेकाबू रफ्तार, समीक्षा करने 15 को रतलाम आएंगे सीएम

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

जिले के ग्रामीण अंचलों में तूफानी रफ्तार से फैलते कोरोना संक्रमण, बढ़ाने के बावजूद लगातार फुल होते ऑक्सीजन बेड और पूरे प्रदेश को चिंता में डालने वाले मौत के ग्राफ ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को परेशान कर दिया है। चौहान रतलाम में कोरोना के खिलाफ विशेष एक्शन प्लान बनाने के लिए 15 मई को रतलाम आ सकते हैं। करीब 3 घंटे अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे।

कलेक्टर और इसके 20 दिन पहले मेडिकल कॉलेज की डीन के तबादले के बावजूद संक्रमण की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने की कवायदें भी कम साबित हो रही हैं। हाल ही में बाईक पर वकील की मौत के बाद भी तीन लोगों की गेट पर मौत होने से पूरे प्रदेश में हंगामा हुआ था। ऐसे में तीन दिन पूर्व जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पाण्डेय को वीडियोकॉन्फ्रेंस में सीएम ने रतलाम आकर समीक्षा करने का आश्वासन दिया था। इसके बाद अब 15 मई को सीएम रतलाम आएंगे और करीब 3 घंटे तक समीक्षा करेंगे। इस दौरान वे अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक लेंगे और कई ठोस रणनीतिगत फैसले लिए जा सकते हैं। माना जा रहा है कि ऑक्सीजन के साथ दवाईयों और अन्य सभी मुद्दों पर सख्त निर्णय हो सकते हैं। इसके अलावा सीएम वीडियो कांफ्रेंसिंग से ग्रामीण अंचलों के डॉक्टरों, नर्सों और गांव में सर्वे में लगी टीमों से भी सीधे संवाद करके वास्तविक स्थिति जानेंगे।



## इन कारणों से सीएम का आना जरूरी

रतलाम में कोरोना बहुत तेजी से फैला, मौत संभाग में सबसे अधिक हुई। ग्रामीण अंचल तेजी से चपेट में है। 66 ग्राम पंचायतों में 1232 संक्रमित सामने आ चुके हैं। मंगलवार को 6 ग्राम को सील करना पड़ा। अव्यवस्थाओं की शिकायतों के बाद डीन और फिर 7 मई को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड को हटाने के बावजूद व्यवस्थाओं में और कसावट की जरूरत है। मेडिकल कॉलेज के 310 ऑक्सीजन सपोर्ट बेड में 150 बढ़ाने के बावजूद हाउसफुल होने की स्थिति में कमी नहीं हो रही है।

## पुलिस ने पहले सख्त कदम क्यों नहीं उठाए

मुख्यमंत्री ने इसके पूर्व मंगलवार को वीसी के माध्यम से कोरोना संक्रमण का अपडेट लेते हुए एसपी गौरव तिवारी से कहा था कि पुलिस ने बाहर घूम रहे लोगों को रोकने के लिए पहले सख्त कदम क्यों नहीं उठाए। एसपी ने उन्हें बताया कि जिले में पहले बहुत लोग को लॉकडाउन से छूट दी गई थी। इसपर सीएम ने कहा कि अब रिजल्ट चाहिए। जितनी सख्ती करना है कर सकते हैं।

## सीएम ने जावरा को भेंट की एम्बुलेंस

मुख्यमंत्री चौहान ने जावरा विधानसभा क्षेत्र के लिए एक एम्बुलेंस की सौगात दी। विधायक डॉ. राजेन्द्र पांडेय द्वारा काफी समय से विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर संसाधन व चिकित्सकों की पदपूर्ति के लिए प्रयास किये जा रहे है। मुख्यमंत्री ने विधायक के आग्रह को स्वीकार करते हुए जावरा को सर्वसुविधायुक्त एम्बुलेंस स्वीकृत की है जो प्रदेश में मात्र कुछ स्थानों पर ही स्वीकृत हुई है। कोरोना काल मे संजीवनी के रूप में स्वीकृत एम्बुलेंस की सौगात मिलने से विधायक डॉ पांडेय ने हर्ष व्यक्त कर कहा कि मुख्यमंत्री चौहान ने जावरा विधानसभा क्षेत्र को ढेरों सौगात दी है।

## जावरा विधायक से सीएम ने की चर्चा

इसके पूर्व मंगलवार को हुई वीसी में चौहान से विधायक डॉ पांडेय ने लंबी चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री को सुझाव दिए कि यहां रतलाम जिले के अलावा मंदसौर नीमच सहित आसपास के अन्य जिले के मरीजो का दबाव अधिक होने से कोरोना उपचार को लेकर विकट परिस्थिति निर्मित हुई है,जिसे कार्ययोजना बना कर नियंत्रण किया जाना आवश्यक है। ऐसे में आपका रतलाम आना उचित होगा। आपके आने से यहां सकारात्मक स्थिति बन सकती है, इस आग्रह को मुख्यमंत्री ने तुरंत स्वीकार करते हुए कहा कि वे शीघ्र ही रतलाम आकर स्वयं स्थिति को देखेंगे। विधायक डॉ पांडेय ने कहा कि जावरा सिविल हॉस्पिटल में 10 मरीजो से कोविड केयर सेंटर की शुरुआत की गई थी, जनसहयोग व विधायक निधि से संसाधन उपलब्ध कराए गए जिसके फलस्वरूप वर्तमान में 80 से अधिक मरीजो का उपचार किया जा रहा है। इसी तर्ज पर जिले के आलोट सैलाना ,बाजना, नामली आदि स्थानों पर कोविड केयर सेंटर बनाये जाए, जहां ऑक्सीजन बेड हो। उन्होंने कहा कि चिकित्सक और नर्स आदि भी कोरोना मरीजो का उपचार करने मे घबरा रहे है। उन्हें मोटिवेशन की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने डॉ पांडेय के सुझाव को तुरंत स्वीकार करते हुए रतलाम जिले में 40 ऑक्सीजन कन्संट्रेटर भेजने के निर्देश दिए। चिकित्साकर्मियों को मोटिवेट करने के लिये भोपाल से चिकित्सको की टीम को भेजा जाएगा।

दबंग दुनिया
13-5-2021

**133 मरीजों को मेडिकल किट वितरित:** ई-रक्ष केंद्र से बुधवार को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 166 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों को वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया। सूची अनुसार 133 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। सात मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाए गए। सात मरीजों के कांटेक्ट नंबर व पते गलत पाए गए। चार मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया व 15 मरीजों को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया। इसके अलावा 247 मेडिसीन किट मरीज के स्वजनों को प्रदान की गई।

13-5-2021

**नगर निगम ने 133 मरीजों और 247 परिजन**

**विधायक के प्रयास के बाद सीएम ने दी सौगात**

# सीएम ने जावरा को दी एम्बुलेंस की सौगात



रतलाम विडियो कान्फ्रेसिंग में शामिल विधायक डॉ पाण्डेय।



अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते जिलाध्यक्ष लुनेरा।



नीदरलैंड से भेजी राशि का चेक विधायक को भेंट करते पिता और भाई।

## वीसी में रतलाम-जावरा आने की बात भी कहीं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जावरा में कोरोना संक्रमण के विरुद्ध स्थानीय प्रशासन द्वारा जंग में विधायक डॉ राजेन्द्र पाण्डेय के प्रयासों के बाद मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने जावरा के सरकारी अस्पताल को एक एम्बूलेंस प्रदान करने की घोषणा की है। इतना ही नहीं वीसी के दौरान विधायक से चर्चा के बाद सीएम ने रतलाम और जावरा आने की बात भी कहीं।

मुख्यमंत्री चौहान ने विधायक डॉ पांडेय के आग्रह को स्वीकार करते हुए जावरा को सर्वसुविधायुक्त एम्बुलेंस स्वीकृत की है। यह सर्वसुविधायुक्त एम्बुलेंस प्रदेश में मात्र कुछ स्थानों पर ही स्वीकृत हुई है। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा एम्बुलेंस को एक दो दिन में जावरा भेजा जा रहा है। इधर रतलाम में हुई विडियो कान्फ्रेसिंग के जरीये विधायक ने सीएम से चर्चा कर उनसे रतलाम की चिकित्सा व्यवस्था से अवगत कराया। जिस पर सीएम ने स्वंय रतलाम और जावरा आकर व्यवस्था देखने की बात कहीं।

## भाजपा जिलाध्यक्ष पहुंचे जावरा, देखी स्वास्थ व्यवस्थाएं

जावरा में भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने बुधवार को जावरा शासकीय चिकित्सालय में विधायक डॉ.राजेन्द्र पांडेय द्वारा आक्सीजन प्लांट हेतु किये कार्यो व कोरोनकाल में चिकित्सालय में की गई आवश्यक व्यवस्थाओ का निरीक्षण करते हुए रोगी कल्याण समिति में जनसहयोग के माध्यम से मिल रही सहायता पर हर्ष जताया। पूर्व एल्डरमैन उषा राजेन्द्र श्रोत्रिय एंव भाजपा नेता प्रकाश बालचंदानी द्वारा उनके भाई स्व.जगदीश बालचंदानी की स्मृति में 31-31 हजार की राशि के चेक भी विधायक पांडेय की उपस्थिति में रोगी कल्याण समिति में चिकित्सालय प्रभारी डॉ दीपक पालड़िया को प्रदान किये। इस दौरान महेश सोनी, मंडल अध्यक्ष पवन सोनी, महामंत्री राजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## जावरा की बेटी ने नीदरलैंड से भेजी 25 हजार की सहायता



जावरा में शहर की बेटी अर्चिता श्रोत्रिय व उनके पति विवेक दीपक ने नीदरलैंड से रोगी कल्याण समिति को 25 हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट की। अर्चिता श्रोत्रिय ने मोबाइल पर विधायक डॉ राजेन्द्र पांडये से चर्चा कर उनके द्वारा कोरोना मरीजों के लिए किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए सहयोग की बात कही। जिस पर 25 हजार रुपये की राशि का चेक अर्चिता के पिता राजेन्द्र श्रोत्रिय व भाई कीर्तिश श्रोत्रिय ने डॉ राजेन्द्र पांडेय को सौंपा। यह पहला मौका है कि जब विदेश में रहने वाली शहर की एक बेटी ने अपने शहर वासियों की पीड़ा को समझते हुए उनकी चिकित्सा सहायता के लिए विदेश में रहकर भी सहयोग राशि प्रदान की।

पत्रिका
13-5-2021

# कल मनेगी ईद, घरों में ही अदा होगी नमाज

रतलाम। ईद उल फितर का चांद बुधवार को नजर नहीं आने से गुरुवार को रमजान का तीसवां रोजा रहेगा। शुक्रवार को ईद उल फितर का पर्व मनाया जाएगा। चीफ काजी सैयद आसिफ अली ने बताया कि बुधवार को देश भर में कहीं से भी चांद दिखाई दिए जाने की शहादत प्राप्त नहीं हुई। इस वजह से शुक्रवार को ईद मनाई जाएगी। रमजान की आखिरी तरावीह बुधवार को पढ़ी गई। लक्कड़पीठा व अंकाला रोड ईदगाह में होने वाली नमाज कोरोना संक्रमण के चलते निरस्त कर दी गई है। सभी समाजजन अपने घरों में रहकर ही नमाज अदा करेंगे। इंटरनेट मीडिया के द्वारा ही एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देंगे। ईद मिलन समारोह भी निरस्त रहेंगे।

# अमल शुरू : 142 किराना व्यापारी और कर्मचारियों की कोरोना की जांच की, सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई

## होम डिलीवरी में जुटे कर्मचारियों की जांच के लिए शुरू की सैंपलिंग, अमले ने करीब चार घंटे तक लिए सैंपल

भास्कर संवाददाता | रतलाम

13-5-21

किराना की होम डिलीवरी में जुटे व्यापारी और उनके कर्मचारियों की जांच बुधवार को हुई। हरदेवलाला की पीपली आर्य समाज के मंदिर स्थित हाल में 142 व्यापारी, उनके कर्मचारी और होम डिलीवरी में लगे कर्मचारियों की जांच की। इसमें सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई।

इस दौरान एसडीएम अभिषेक गेहलोत भी पहुंचे और व्यापारियों से कहा कि आपके जितने भी कर्मचारी हैं उन्हें बुलवा लीजिए ताकि जांच हो सके। दोपहर 12 बजे से शुरू हुई जांच शाम 4 बजे तक चली। इस मौके पर थोक किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज झालानी,, संजय पारख, अजय भंडारी, ललित चोटवानी, प्रवीण गुगलिया, हरीश पाटीदार, मनोज पोपटानी, लोकपाल तिवारी, राजेश दरख, संदीप चंडालिया मौजूद थे। जांच स्वास्थ्य विभाग के डॉ. अमित भूरिया, डॉ. निलेश व्यास एवं लैब टेक्नीशियन मुकेश पांचाल ने की। दो दिन में 337 किराना व्यापारी और उनके कर्मचारियों की जांच हो चुकी है।



हरदेवलाला की पीपली स्थित आर्य समाज मंदिर के हाल में व्यापारियों की जांच करती टीम।

### थोक बाजार चालू रहा

बुधवार को होम डिलीवरी बंद थी लेकिन थोक बाजार चालू था। ग्रामीण व्यापारियों को सामान दिया गया। सप्ताह में तीन दिन होम डिलीवरी और सप्ताह में तीन दिन ग्रामीण व्यापारियों को सामान दिया दिया जा रहा है ताकि गांवों में भी किराना सामान की आपूर्ति प्रभावित ना हो। थोक किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष मनोज झालानी ने बताया कि चूंकि लॉकडाउन चल रहा है। इससे लोग घरों में ही रहें, हम उन तक उनकी लिस्ट के अनुसार सामान उनके घर तक पहुंचा रहे हैं।

### होम डिलीवरी आज होगी, एक दिन पहले ही 1600 ऑर्डर आ गए


लॉकडाउन को देखते हुए किराना सामान की होम डिलीवरी की जा रही है। यह सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को हो रही है। गुरुवार को होने वाली किराना सामान की डिलीवरी को देखते हुए एक दिन पहले ही किराना व्यापारियों के यहां ऑर्डर आना शुरू हो गए। रात तक 1600 ऑर्डर आ गए। अभी गुरुवार को भी ऑर्डर आएंगे। इससे ऑर्डर की संख्या कहीं ज्यादा होगी। अब किराना व्यापारियों के डिलीवरी बाय गुरुवार को लोगों के घरों पर पहुंचकर होम डिलीवरी करेंगे। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होम डिलीवरी बाय लोगों के घरों पर पहुंच किराना सामान की लिस्ट के अनुसार डिलीवरी देंगे।

दै. भास्कर 13-5-2021

# जरूरी सामान की आपूर्ति में निगेटिव रिपोर्ट जरूरी

रतलाम। शहर में दूध विक्रेता, आरओ पानी की सप्लाई करने वाले व्यक्ति, गैस सिलिंडर वितरक एवं पेट्रोल पंप पर पेट्रोल आपूर्ति का कार्य करने वाले व्यक्तियों की कोरोना सैंपलिंग का कार्य 13 व 14 मई को लोकेंद्र टाकीज परिसर में होगा। इन दो दिनों में सभी वितरकों को अपनी सैंपलिंग करवानी है। शनिवार से कोई भी वितरक बगैर निगेटिव रिपोर्ट मैसेज के वितरण कार्य नहीं कर पाएगा।

एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि रतलाम शहर में होम डिलीवरी कार्य में लगे व्यक्तियों को अनिवार्य रूप से अपनी कोरोना सैंपलिंग करवानी है। किराना एवं फलों की होम डिलीवरी करने वाले वालों की सैंपलिंग हो चुकी है। गुरुवार एवं शुक्रवार को दूध विक्रेता, घर-घर दूध की आपूर्ति करने वाले वितरक, गैस सिलिंडर वितरक, आरओ पानी का वितरण करने वाले तथा पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरने वाले लोगों की सैंपलिंग की जाएगी। शनिवार से बगैर निगेटिव रिपोर्ट मैसेज के वितरण पर कार्रवाई की जाएगी।



**सप्ताह में तीन दिन होगी फलों की होम डिलीवरी:** शहर में फलों की होम डिलीवरी के लिए सोमवार, बुधवार, शुक्रवार के दिन निर्धारित किए गए हैं। इन दिनों में सुबह 11 बजे से रात्रि आठ बजे तक फलों की होम डिलीवरी हो सकेगी।

### मेडिकल कालेज में एंबुलेंस एवं शव वाहन की सुविधा नि:शुल्क

रतलाम। शासकीय मेडिकल कालेज से शवों को मुक्तिधाम तक छोड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क वाहनों की व्यवस्था की गई है। सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि इसके लिए वाहन क्रमांक एमपी-43/जी-3147, एमपी-43/बीडी-2691 तथा एमपी-02/एवी-4184 का संचालन किया जा रहा है। वाहन सुविधा आमजन के लिए पूरी तरह निशुल्क है। इससे संबंधित शिकायत के लिए हेल्थ हेल्पलाइन नंबर 104 पर सीधे शिकायत की जा सकती है।

इसके अतिरिक्त मेडिकल कालेज में भर्ती मरीजों का सीटी स्कैन कराने के लिए वाहन क्रमांक एमपी-09/8087, एमपी-02/एवी-4304, एमपी-43/सीटी-4045 का संचालन किया जा रहा है। इन वाहनों का उपयोग आवश्यकतानुसार मरीजों के परिवहन के लिए भी किया जा रहा है। अन्य मरीजों के आकस्मिक परिवहन के लिए वाहन क्रमांक एमपी-43/जी-2092 का भी निशुल्क संचालन किया जा रहा है। मरीजों को घर से अस्पताल, अस्पताल से घर, एक सरकारी अस्पताल से दूसरे सरकारी अस्पताल तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी परिवहन के लिए शासन द्वारा 108 वाहन की निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी इमरजेंसी के लिए 108 नंबर पर काल करना चाहिए।

नई दुनिया 13-5-2021


# 305 नए पाजिटिव केस, पांच की मौत

रतलाम। जिले में कोरोना का कहर जारी है। रोकथाम के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके बाद भी मई माह में हर दिन 300 से अधिक नए संक्रमित केस सामने आ रहे हैं। मई माह के 12वें दिन बुधवार को 305 नए पाजिटिव केस सामने आए। पांच की मौत भी हुई। 314 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 3722 है। मई के 12 दिनों में कुल 4220 नए संक्रमित सामने आए और 2343 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। 55 मौत हुई। पेंडिंग सैंपलों की संख्या भी 1200 से अधिक बनी हुई है।

**नान आक्सीजन वाले 115 बेड खाली:** शासकीय मेडिकल कालेज में बुधवार को 54 नए मरीज भर्ती हुए। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आइसीयू बेड 56, एचडीयू में 172 बेड, आक्सीजन बेड 120 सभी फुल हैं। नान आक्सीजन बेड 202 में से 87 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 435 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 307 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 115 हैं। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार आज तक टोटल रिसीव्ड 5800, डिस्ट्रीब्यूटेड 1173, कन्ज्यूम्ड 4627, करंट स्टाक 250 है।

**जिले में कोरोना की अब तक की स्थिति**

| | |
|---|---|
| पाजिटिव | 15032 |
| स्वस्थ हुए | 11061 |
| मौत | 249 |
| एक्टिव मरीज | 3722 |



झारिया के निर्देशन में 11 व 12 मई को टाटा नगर, तेजा नगर, ओझाखाली, प्रताप नगर, प्रताप नगर, प्रताप नगर एक्सटेंशन, आफिसर्स कालोनी, बालाजी नगर, थावरिया बाजार, वकील कालोनी, ब्राह्मणों का वास, वेदव्यास कालोनी, गुलमोहर कालोनी, देवरादेवनारायण नगर, जवाहर नगर, डोंगरे नगर, मोहन नगर, अलकापुरी अम्बे चौक के पास, आदर्श नगर गली नंबर तीन, सुराना ड्रीम होम्स सुमंगल गार्डन के पास, कस्तूरबा नगर मुख्य मार्ग पर कंटेनमेंट जोन बनाए गए। दो दिन में 30 कंटेनमेंट नगरीय क्षेत्र में बनाए गए हैं।

नई दुनिया
13-5-2021

# 3736 संक्रमित मरीज अस्पतालों में भर्ती

रतलाम ● स्वदेश समाचार 13-5

काफी प्रयत्न किए जाने के बाद भी कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में कमी नहीं आ रही है। अभी भी 3 हजार 736 एक्टिव पॉजिटिव मरीज भर्ती है, जबकि 1हजार 60 मरीजों की सैम्पल रिपोर्ट मेडिकल कॉलेज से आना शेष है। पॉजिटिव आए सैम्पलों की संख्या 14 हजार 727 तक पहुंच गई है।

संक्रमण से मरने वाले मरीजों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। अभी तक यह आंकड़ा 244 तक पहुंच गया है, जबकि 10 हजार 747 मरीजों को अभी तक डिस्चार्ज किया जा चुका है। एक्टिव कंटेनमेंट एरिये की संख्या 2 हजार 690 तक पहुंच गई है। अब जिले में माइक्रो कंटेनमेंट बनाने काम भी शुरू हो गया है।

## 2 से 10 वर्ष के दस बच्चे भी संक्रमित हुए

मंगलवार को आई कोरोना जांच रिपोर्ट में 335 महिला-पुरुष संक्रमित पाए गए है, इनमें रतलाम का दो वर्ष का बच्चा, तीन वर्ष की बालिका, 4 वर्ष का बालक, 7 वर्ष की बालिका, 7 वर्ष के दो बालक, 10 वर्ष का बालक, सैलाना का 8 वर्ष का बालक तथा शिवगढ़ से छह वर्ष के दो बालक भी शामिल है। सबसे अधिक संक्रमित रतलाम में 169 तथा बिलपांक थाना क्षेत्र में 49, सरवन में 11, शिवगढ़ में 9, सैलाना-जावरा में आठ-आठ तथा पिपलौदा में छह कोरोना पॉजिटिव मरीज पाए गए। इनके अलावा रतलाम,ग्रामीण, बाजना, रावटी, ताल,आलोट,ढोढर सहित अन्य ग्रामीण इलाकों में भी संक्रमित मरीज पाए गए, जिनकी संख्या 85 है।

**वैक्सीन की कमी** • 18+ के लोगों को रजिस्ट्रेशन के आधार पर ही टीके लगाएंगे, टीकाकरण के लिए सबसे ज्यादा आगे आ रहे हैं युवा

# आज सिर्फ 45+ के लोगों को दूसरा टीका लगेगा, शहर में एक ही केंद्र

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में वैक्सीन की कमी अब साफ नजर आ रही है। गुरुवार को 45+ के लोगों को दूसरा टीका ही लगाया जाएगा। इसके लिए भी शहर में एक ही केंद्र तय है। कसारा बाजार स्थित माहेश्वरी भवन में टीका लगेगा। वहीं 18+ के लोगों को रजिस्ट्रेशन के आधार पर ही टीके लगाए जाएंगे।

सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया 45 साल से ज्यादा उम्र के लोग अपनी जन्म दिनांक दर्शाने वाली आइडी लेकर सीधे केंद्र पर पहुंचकर टीका लगवा सकते है। पिपलोदा में जनपद पंचायत भवन, जावरा में रेडक्रॉस सोसायटी मीटिंग हॉल, बाजना के मांगलिक भवन, आलोट के आंबेडकर भवन, खारवाकलां में मांगलिक भवन में कोवीशिल्ड का दूसरा टीका लगाया जाएगा।

## पुराने कलेक्टोरेट में फ्रंटलाइन वर्कर्स को सिर्फ को-वैक्सीन

इधर, पुराने कलेक्टोरेट में सिर्फ को वैक्सीन का टीका लगाया जाएगा। यहां फ्रंटलाइन वर्कर्स का ही टीकाकरण हो रहा है। कोविशील्ड का पहला टीका लगवाने के बाद दूसरा टीका लगवाने के लिए कम से कम 42 दिन और अधिकतम 56 दिनों का अंतर होना जरूरी है।

## 18+ के लोगों को 6 स्थानों पर लगेगी वैक्सीन

इधर 18+ के लोगों को 6 स्थानों पर वैक्सीन लगाई जाएगी। लायंस हॉल, मोहन टॉकीज, आईएमए हॉल राजेंद्र नगर, सूरज हॉल वेद व्यास कॉलोनी, गुरुनानक सिंध भवन, जवाहर नगर कम्युनिटी हॉल में टीकाकरण होगा।

## बोहरा बाखल चांदनी-चौक में वैक्सीन केंद्र खोलने की मांग

बोहरा समाज के पीआरओ सलीम आरिफ ने बोहरा बाखल चांदनीचौक में वैक्सीन केंद्र खोलने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने विधायक चेतन्य काश्यप को पत्र भी लिखा है। आरिफ ने बताया कि बोहरा समाज के 2 हजार लोगों को वैक्सीन लगना है, इसके साथ ही चांदनी चौक, त्रिपोलिया गेट सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए दूर जाना पड़ रहा है। बोहरा बाखल में केंद्र खुलता है तो सभी समाज के लोगों को फायदा होगा। बोहरा समाज जगह उपलब्ध करवाएगा। समाज का पूरा सहयोग रहेगा।

## हमारे पास वैक्सीन नहीं है जो लाइन में खड़े हैं वे ही खड़े रहें, बाकी घर जाएं




अलकापुरी स्थित हॉल में वैक्सीन लगाने के लिए लगी लोगों की कतार।

रतलाम | वैक्सीन लगाने के लिए बुधवार को लोगों को भीषण गर्मी में परेशान होना पड़ा। वैक्सीन का दूसरा डोज लगाने जब लोग केंद्रों पर पहुंचे तो कई लोगों को वैक्सीन ही नहीं लग पाई। इससे वापस लौटना पड़ा। इसमें बुजुर्गों की तो मशक्कत हो गई। क्योंकि वे भीषण गर्मी में घर से निकले और जब केंद्र पर पहुंचे तो जवाब मिला हमारे पास वैक्सीन नहीं है। इससे कई लोग वापस लौट गए। एडवोकेट जितेंद्र चौरासी ने बताया मम्मी धनराज देवी को वैक्सीन का दूसरा डोज लगना था। अलकापुरी स्थित कम्युनिटी हॉल में सुबह पौने ग्यारह बजे जब मैं पहुंचा तो मेन गेट पर ही कर्मचारी ने कहा कि एक अप्रैल के बाद वालों को वैक्सीन नहीं लगेगी क्योंकि सर्वर सपोर्ट नहीं कर रहा है। सिर्फ 31 मार्च वालों को वैक्सीन लगेगी। जबकि मम्मी को वैक्सीन लगे 43 दिन पूरे हो गए। इससे वापस लौटना पड़ा। इतनी भीषण गर्मी में लोग घरों से निकल वैक्सीन लगाने पहुंच रहे हैं लेकिन वैक्सीन ही नहीं लग रही है क्योंकि केंद्रों पर वैक्सीन मिल नहीं रही है। कम से कम वैक्सीन की तो व्यवस्था करना चाहिए ताकि लोगों को बेवजह परेशान ना होना पड़े। अब अगले दिन फिर वैक्सीन के लिए आना पड़ेगा। कल तो केंद्र भी बदल जाएंगे पहले ही घर से इतनी दूर आए हैं। अब फिर नए केंद्रों पर जाना पड़ेगा।

# लॉकडाउन के दो पहलू : सड़क पर दिखा रहे सख्ती, नतीजा- थाने में नहीं बची वाहन रखने की जगह

**यहां रुके :** लॉकडाउन के पालन के लिए कर रहे पूछताछ



रतलाम | लॉकडाउन का पालन करवाने के लिए बुधवार को भी पुलिस की सख्ती जारी रही। सैलाना बस स्टैंड, कस्तूरबा नगर तिराहा, अलकापुरी चौराहा, बाजना बस स्टैंड, सालाखेड़ी फोरलेन, बाजना फोरलेन सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर पुलिस जवान आने-जाने वालों से पूछताछ करते रहे। इसमें भी सर्वाधिक सख्ती कस्तूरबा नगर तिराहा और सैलाना बस स्टैंड पर देखने को मिला, जहां जवान पूरी मुस्तैदी से सभी से आवाजाही का कारण पूछ रहे थे। फोटो - मिंटू मेहता

**यहां थमे :** कोर्ट की छुट्टी, 15 जून बाद ही मिल पाएंगे वाहन



रतलाम | ये कोई वाहन स्टैंड नहीं, बल्कि दो बत्ती थाना परिसर है। दरअसल कोर्ट की 15 जून तक छुट्टी है। ऐसे में संक्रमण रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन के नियमों को तोड़कर घूमते पकड़े जाने वाले वाहनों को पुलिस जब्त तो रोजाना कर रही है लेकिन वे छूट नहीं पा रहे। दो बत्ती, माणकचौक, औद्योगिक, दीनदयाल थानों में ऐसे ही करीब 240 टू व्हीलर खड़े हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा दो बत्ती थाने में खड़े 85 से ज्यादा दो पहिया वाहन हैं। एसपी गौरव तिवारी ने बताया गाड़ियों के प्रकरण बनाकर न्यायालय पेश किए जाएंगे। वहीं से छूटेंगे।

दै. भास्कर
13-5-2021

# मुख्यमंत्री आज पेंशन राशि अंतरित करेंगे

भोपाल ● 12 मई ( वा ) मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 13 मई को सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग की विभिन्न पेंशन योजनाओं में 50 लाख 20 हजार 979 हितग्राहियों को 301 करोड़ 25 लाख रुपए की पेंशन राशि वितरित करेंगे। सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने बताया कि पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को राशि का हस्तांतरण ई-पेमेंट के माध्यम से किया जाएगा।

मंत्री श्री पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री चौहान सिंगल क्लिक ई-पेमेंट के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन के 9 लाख 42 हजार 572 हितग्राहियों के खाते में 56 करोड़ 55 लाख रुपए, मुख्यमंत्री कल्याणी पेंशन के 13 लाख 14 हजार 532 हितग्राहियों को 78 करोड़ 87 लाख 19 हजार रुपए, सामाजिक सुरक्षा परित्यक्ता पेंशन के 34 हजार [illegible] हितग्राहियों को

सामाजिक सुरक्षा दिव्यांग पेंशन के 3 लाख 24 हजार 870 हितग्राहियों को 19 करोड़ 49 लाख 22 हजार रुपए, सामाजिक सुरक्षा शिक्षा प्रोत्साहन के 57 हजार 486 हितग्राहियों को 3 करोड़ 44 लाख 92 हजार रुपए, मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन के 2 हजार 140 हितग्राहियों को 12 लाख 84 हजार रुपए और वृद्धाश्रम में निवासरत 246 वृद्धजनों को एक लाख 48 हजार रुपए की पेंशन राशि सिंगल क्लिक से उनके खातों में हस्तांतरित करेंगे।

**नगरीय क्षेत्र में 30 कंटेनमेंट जोन बनाए:** कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे हैं, उस क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन बनाया जा रहा है। इसके तहत अब तक 30 कंटेनमेंट जोन बनाए जा चुके हैं। निगम आयुक्त सोमनाथ

नई दुनिया 13-5-2021

# 12 और इलाकों में बने माइक्रो कंटेनमेंट, तीन दि
# अब संक्रमितों की आवाजाही रोकने के लिए कर्मच

## कंटेनमेंट एरिया तोड़ने पर पुलिस केस दर्ज होगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

13-5-21

संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए शहर में तेजी से कंटेनमेंट एरिया बनाए जा रहे हैं। बुधवार को 12 और इलाकों को जाली, बल्ली, ग्रीन नेट बांधकर माइक्रो कंटेनमेंट बनाया गया। इस तरह बीते तीन दिनों में शहर में 30 कंटेनमेंट बनाए जा चुके हैं। इनके अंदर रहने वाले संक्रमित मरीजों और आवाजाही करने वाले लोगों पर नजर रखने के लिए कर्मचारी तैनात कर दिए हैं।

कंटेनमेंट एरिया तोड़ने वाले पर सीधे पुलिस प्रकरण दर्ज किया जाएगा। सोमवार को पहले दिन 5 और मंगलवार को 13 कंटेनमेंट क्षेत्र बनाए गए थे। इतना ही नहीं अब जिस भी क्षेत्र में दो या दो से अधिक पॉजिटिव मिलेंगे, उसे भी कंटेनमेंट जोन बना दिया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने राजस्व और नगर निगम के अफसरों को साफ तौर पर निर्देश दे दिए हैं।

### बुधवार यहां बनाए कंटेनमेंट एरिया

कस्तूरबा नगर, देवरादेवनारायण नगर, जवाहर नगर, डोंगरे नगर, वकील कॉलोनी, थावरिया बाजार, जावरा रोड, तेजा नगर, ओझा खाली, ब्राह्मणों का वास, प्रताप नगर, बालाजी नगर



तेजा नगर में कंटेनमेंट एरिया बनाते कर्मचारी।

दै. भास्कर
13-5-2021

## अब 3-4 दिन में ही मिल रहे 1 हजार पॉजिटिव

# 15000+ संक्रमित मिले अब तक रतलाम में

भास्कर संवाददाता | रतलाम

13-5-21

जिले में कोरोना संक्रमण बेकाबू है। अब सिर्फ तीन या चार दिन में ही 1 हजार पॉजिटिव सामने आ रहे हैं जबकि अप्रैल महीने तक 1 हजार पॉजिटिव होने में 5 से 7 दिन लग रहे थे। बुधवार को कुल 305 नए पॉजिटिव मिले हैं इसी के साथ संक्रमितों का आंकड़ा 15 हजार पार हो गया है। इधर, रोज 5 लोग कोरोना से दम तोड़ रहे हैं जो चिंताजनक है।

जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार चौंकाने वाली है। कोरोना संक्रमण के शुरुआती दिनों में 1 हजार पॉजिटिव मिलने में 145 दिन का वक्त लगा था। लेकिन, नई लहर रोज नए रिकॉर्ड बना रही है। जिले में 10 हजार संक्रमित तक 5 दिन में 1 हजार पॉजिटिव मिल रहे थे। इसके बाद 12 हजार संक्रमित की संख्या होने तक 4 दिन में ही 1 हजार पॉजिटिव मिलने लगे। 13 हजार और

### इस तरह कम दिन में मिलते जा रहे 1 हजार केस

| केस | दिन लगे | मौत |
|---|---|---|
| 1000 | 145 | 21 |
| 2000 | 37 | 24 |
| 3000 | 46 | 19 |
| 4000 | 35 | 13 |
| 5000 | 89 | 9 |
| 6000 | 13 | 16 |
| 7000 | 7 | 19 |
| 8000 | 5 | 19 |
| 9000 | 5 | 22 |
| 10000 | 4 | 19 |
| 11000 | 4 | 15 |
| 12000 | 4 | 12 |
| 13000 | 3 | 14 |
| 14000 | 3 | 12 |
| 15000 | 4 | 15 |

## हर घर दस्तक : कोरोना को रोकने में जुटा प्रशासन

# मास्क नहीं लगाने और बेवजह घूमते पांच को पकड़ा, जुर्माना वसूला

कलेक्टर के तेवर देख नगर निगम ने फिर से बिना मास्क और बेवजह घूमने वालों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार को स्पॉट फाइन दल ने दो बत्ती, लोकेन्द्र टॉकिज और नगर निगम तिराहे पर ऐसे ही पांच व्यक्तियों को बिना मास्क लगाए बेवजह घूमते पकड़ा। इनसे 1350 रुपए का जुर्माना वसूला।

दै. भास्कर

13-5-2021

**राहत की खबर...कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में 85 बेड का कोविड-वार्ड बनाने के लिए निरीक्षण किया**

# ऑक्सीजन की कमी से न टूटे प्राण इसके लिए 175 ऑक्सीजन बेड बढ़ाकर दी जाएगी प्राणवायु


पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com






रतलाम. ऑक्सीजन की कमी से जूझ रहे मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। जिन मरीजों को ऑक्सीजन की कमी के कारण अस्पताल में भर्ती नहीं किया जा रहा था, उनके लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले में 175 ऑक्सीजन बेड लगाए जाने के लिए निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम बुधवार सुबह जिला चिकित्सालय पहुंचे और यहां कोविड-केयर वार्ड बनाने की तैयारी का जायजा लिया।

दरसअल जिले में लगने वाले 175 ऑक्सीजन बेड में से 85 बेड जिला अस्पताल में वार्ड तैयार कर यहां लगाए जाना है। इसके लिए कलेक्टर ने जहां वार्ड तैयार करना है, वहां पहुंचकर निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने ऑक्सीजन लाइन स्थापना की जानकारी भी ली। उन्होंने सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला चिकित्सालय में अभी 4 वार्ड और एक आईसीयू पूर्व से ही ऑक्सीजन लाइन युक्त हैं। जहां करीब 45 ऑक्सीजन बेड की व्यवस्था की जा सकती है।

## तीन वार्ड में बिछेगी ऑक्सीजन लाइन

कलेक्टर के निरीक्षण के बाद लगभग 3 और वार्डों में ऑक्सीजन लाइन बिछाई जाएगी, जिसके लिए टेक्नीशियन गुरुवार को आएंगे। कलेक्टर द्वारा सिविल सर्जन को बुधवार तक पूरी कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जिला चिकित्सालय में कोविड-19 मरीजों के लिए 85 ऑक्सीजन युक्त बेड उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे मरीजों को मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन बेड उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में जिला चिकित्सालय में ऑक्सीजन बेड उपलब्ध हो सकेगा। कलेक्टर द्वारा सिविल सर्जन से जिला चिकित्सालय में पलंग की उपलब्धता, बिस्तर, चादर तथा मेडिकल सामग्री उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की गई।

## 5 कोविड केयर सेंटर्स पर मिलेगी ऑक्सीजन

जिले में कोरोना मरीजों के उपचार के लिए ऑक्सीजन बेड सुविधा वृद्धि के लिए कुछ पांच कोविड केयर सेंटर तय किए गए हैं। कलेक्टर ने बताया कि 14 मई तक जिले के 5 कोविड-केयर सेंटर्स पर 175 ऑक्सीजन बेड उपलब्ध करा दिए जाएंगे। इनमें जिला चिकित्सालय में कोविड-केयर सेंटर के लिए 85 ऑक्सीजन बेड की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा सैलाना तथा बाजना कोविड-केयर सेंटर पर 25-25 ऑक्सीजन बेड तथा आलोट एवं ताल के कोविड-केयर सेंटर्स पर 20-20 ऑक्सीजन बेड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कलेक्टर ने बताया कि ताल तथा आलोट की जिला मुख्यालय से दूरी अधिक होने के कारण वहां बड़े हद तक ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। शेष स्थानों पर ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध रहेंगे।

## दूध, आरओ वाटर, पेट्रोल, गैस सिलेंडर वितरकों को कराना होगी कोरोना जांच

रतलाम. दूध विक्रेता, आरओ पानी की सप्लाई करने वाले व्यक्ति, गैस सिलेंडर वितरक एवं पेट्रोल पंप पर पेट्रोल आपूर्ति करने वाले व्यक्तियों की कोरोना जांच कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए यह काम करने वालों की 13 एवं 14 मई को लोकेंद्र टॉकीज परिसर में जांच की जाएगी। इन दो दिनों में सभी वितरकों को अपनी सैंपलिंग करवानी है। शनिवार से कोई भी वितरक बगैर नेगेटिव रिपोर्ट मैसेज के वितरण कार्य नहीं कर पाएगा।

रतलाम शहर अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गेहलोत ने बताया कि शहर में होम डिलिवरी कार्य में लगे व्यक्तियों को अनिवार्य रूप से अपनी कोरोना जांच करवानी है। इसके तहत किराना एवं फलों की होम डिलीवरी करने वाले लोगों का सैंपलिंग कार्य किया जा चुका है। इसी क्रम में अगले 2 दिन गुरुवार एवं शुक्रवार को दूध विक्रेता, घर-घर दूध की आपूर्ति करने वाले वितरक, गैस सिलेंडर की घर-घर आपूर्ति करने वाले वितरक, आरओ पानी का वितरण करने वाले तथा पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरने वाले लोगों की सैंपलिंग की जाएगी। सभी को अपनी सैंपलिंग करवाना अनिवार्य है। दो दिनों के बाद शनिवार से किसी भी वितरक के पास नेगेटिव रिपोर्ट मैसेज नहीं हुआ और वह वितरण कार्य करता नहीं कर सकेगा। यदि करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## मेडिकल कॉलेज में एम्बुलेंस एवं शव वाहन सुविधा के रुपए मांगने पर करें शिकायत, होगी कार्रवाई

रतलाम. मेडिकल कॉलेज से शवों को मुक्तिधाम तक छोड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क वाहनों की व्यवस्था की गई है। उक्त वाहन सुविधा आमजन के लिए पूरी तरह निःशुल्क है। इससे संबंधित शिकायत के लिए हेल्थ हेल्पलाईन नंबर 104 पर सीधे शिकायत की जा सकती है अथवा कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला चिकित्सालय पर भी शिकायत संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीजों का सिटी स्कैन कराने के लिए दो एंबुलेंस का संचालन किया जा रहा है। आवश्यकतानुसार मरीजों के परिवहन के लिए भी किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अन्य मरीजों के आकस्मिक परिवहन के लिए मरीजों के लिए एंबुलेंस का निःशुल्क संचालन किया जा रहा है। मरीजों को घर से अस्पताल, अस्पताल से घर, एक सरकारी अस्पताल से दूसरे सरकारी अस्पताल तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी परिवहन के लिए शासन द्वारा 108 वाहन की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी इमरजेंसी के लिए 108 नंबर पर कॉल कर सकते हैं। इससे संबंधित शिकायत के लिए हेल्थ हेल्पलाईन नंबर 104 पर सीधे शिकायत की जा सकती है या सीएमएचओ कार्यालय जिला चिकित्सालय रतलाम पर भी शिकायत संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

पत्रिका 13-5-2021

# कामथेन कंपनी सफाई में फेल, कमान निगम उप स्वच्छता पर्यवेक्षक मेहरा संभालेंगे

लाखों रुपए में मेडिकल कॉलेज की सफाई का ठेका लेने वाली कामथेन कंपनी पूरी तरह फेल साबित हो रही है। कॉलेज के फ्लोर सहित सुविधाघरों की नियमित सफाई नहीं हो रही। ऐसे में सभी फ्लोर की सफाई करवाने की जिम्मेदारी आयुक्त सोमनाथ झारिया ने उप स्वच्छता पर्यवेक्षक विराट मेहरा को सौंप दी है। मेहरा अब एजेंसी के कर्मचारियों से सफाई करवाएंगे। इसमें शौचालयों, मूत्रालयों के अलावा मोबाइल टॉयलेट शामिल हैं। मेडिकल वेस्ट एवं अन्य कचरा प्रतिदिन वाहनों से उठवाकर निर्धारित स्थलों पर पहुंचेंगे। इसकी प्रतिदिन की रिपोर्ट भी आयुक्त को देना होगी। बता दें कि तीन दिन पहले ही कामथेन एजेंसी के तीन कर्मचारी मरीजों के मोबाइल चुराने के आरोप में पकड़े भी जा चुके हैं।

दै. भास्कर
13-5-2021

# मेडिकल कालेज की सफाई पर्यवेक्षण का कार्य मेहरा को सौंपा

रतलाम। मेडिकल कालेज में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न व्यवस्थाओं के पर्यवेक्षण